14-08-2023

PUNJAB KESARI

नहीं मिली एंबुलेंस तो पीसीआर ने बचाई जान



नई दिल्ली, (पंजाब केसरी): दिल्ली पुलिस को यूं ही दिल की पुलिस नहीं कहा जाता। अक्सर दिल्ली पुलिस के जवान इंसानियत के लिए ऐसा कर जाते हैं, जो मिसाल बन जाती है। ऐसा ही मामला नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर सामने आया। जहां एक युवक बिहार से अपनी बीमार मां को इलाज के लिए लेकर पहुंचा था। मो. फैजान नाम के युवक की मां स्ट्रेचर पर थी। उसे मां को लेकर वसंत विहार स्थित एक बड़े निजी अस्पताल जाना था। मगर काफी देर से उसे कोई एंबुलेंस नहीं मिल रही थी। इसी दौरान वहां पीसीआर ड्यूटी पर तैनात एएसआई हजारी लाल और एएसआई अमर सिंह राणा को युवक की परेशानी का पता चला तो वे तुरंत उसकी मदद के लिए आगे आए।